भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2939
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026
22 श्रावण, 1948 (शक)

महाराष्ट्र में एनवाईकेएस

2939 श्री धनंजय भीमराव महाडिक:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और संबंधित केंद्रीय योजनाओं के तहत युवाओं के विकास और स्वयंसेवा कार्यक्रम आरंभ किए हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इसमें कितने युवा क्लबों को शामिल किया गया है;

(ग) इस हेतु आवंटित और प्रयुक्त धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन पहलों का युवा नेतृत्व, समुदायिक भागीदारी और कौशल विकास पर क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) जी, हाँ, महोदय। युवा कार्यक्रम विभाग के अधीन स्वायत्त निकाय, माय भारत (पूर्ववर्ती नेहरू युवा केंद्र संगठन), ने महाराष्ट्र राज्य सहित देशभर में विभिन्न युवा विकास और स्वयंसेवी कार्यक्रम आयोजित किए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान महाराष्ट्र में कुल 2,583 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 6,86,421 युवाओं ने भाग लिया।

(ख) महाराष्ट्र राज्य में विगत तीन वर्ष के दौरान कुल 22,265 युवा क्लबों को शामिल किया गया है।

(ग) महाराष्ट्र राज्य में माय भारत (पूर्ववर्ती नेहरू युवा केंद्र संगठन) के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

वर्ष	**आवंटित धनराशि**	**उपयोग की गई धनराशि**
2025-26	22.27	20.64

(घ) इन पहलों से युवा नेतृत्व को सुदृढ़ करने; सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने तथा स्वयंसेवा, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, नागरिक सहभागिता, नेतृत्व विकास और राष्ट्र-निर्माण संबंधी गतिविधियों में भागीदारी के लिए संरचित अवसर प्रदान करके कौशल विकास को बढ़ावा देने में योगदान मिला है। इन कार्यक्रमों से युवाओं को सामुदायिक सेवा तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिससे जिम्मेदार नागरिक बनने, नेतृत्व के गुणों और जीवन कौशल को बढ़ावा मिला है।

****